Bareilly, Thursday,
2 July 2020
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO, 06, TOP

# SRMS में ट्रांसजेंडर वेलनेस सेंटर शुरू

## एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में 24वीं वर्षगांठ पर 4 दिवसीय युवा स्वास्थ्य मेला शुरू

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (1 July):** 24वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में बुधवार से चार दिवसीय युवा स्वास्थ्य मेला आरंभ हुआ. मेले का इनॉग्रेशन एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने किया और ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए विशेष वेलनेस सेंटर 'अस्तित्व' के आरंभ होने की घोषणा की. उन्होंने कहा कि हमारी सोच समाज के हर वर्ग को स्वस्थ रखना है. इसी के तहत ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में वेलनेस सेंटर 'अस्तित्व' आरंभ किया गया है. 'अस्तित्व' में ट्रांसजेंडर समुदाय को काउंसलिंग के लिए योग्य एवं अनुभवी मनोवैज्ञानिक, मानसिक स्वास्थ्य के लिए विशेषज्ञ मनोचिकित्सक उपलब्ध रहेंगे.



ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए वेलनेस सेंटर 'अस्तित्व' का आरंभ

### जांच पर 50 फीसद की छूट मिलेगी

मेडिकल कालेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने कहा कि स्थापना दिवस पर प्रति वर्ष एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जाता है. इस वर्ष 24वीं वर्षगांठ पर युवाओं को जागरूक करने के लिए यह चार दिवसीय मेला आयोजित किया जा रहा हैं. यहां युवाओं की बीपी, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, ईसीजी, स्पाइरोमेट्री, फाइब्रोस्कैन, लिपिड प्रोफाइल, डीएसएच (थायराइड), एचबीएवनसी, केएफटी (किडनी टेस्ट), पैप स्मीयर, बीएमडी जैसी जांचें फ्री होंगी. साथ ही सीबीसी, एलएफटी, टीएमटी, इको, एलबीसी, सीटी कार्डियक एंजियोग्राफी, एंडोस्कोपी, ब्रोंकोस्कोपी, लैरिंगोस्कोपी, ऑडियोमेट्री, रेटिना की जांच (ओसीटी), एनसीवी, ईईजी, डेक्सा स्कैन और मेनोमेट्री जैसी जांच पर 50 फीसद की छूट मिलेगी. फिजीशियन डा. दीपक दास ने स्वस्थ जीवनशैली क्या है की जानकारी दी और इसके लिए जीवन में बदलाव लाने की सलाह दी.